# बिहार विद्यालय परीक्षा समिति

विज्ञप्ति संख्या – पी.आर. 182/2024

**राज्य के इन्टरमीडिएट स्तर की शिक्षा प्रदान करने वाले मान्यता प्राप्त सभी इन्टरस्तरीय शिक्षण संस्थानों में इन्टरमीडिएट सत्र 2024–26 के कक्षा 11वीं में नामांकन हेतु CBSE, ICSE, अन्य बोर्ड से 10वीं उत्तीर्ण विद्यार्थियों एवं वैसे विद्यार्थी जो पूर्व निर्धारित तिथि तक OFSS के माध्यम से सामान्य आवेदन प्रपत्र (COMMON APPLICATION FORM) नहीं भर पाये हैं, उनके लिए सामान्य आवेदन प्रपत्र भरने हेतु दिनांक 20.05.2024 तक अवसर देने से संबंधित आवश्यक सूचना**

शिक्षा विभाग, बिहार सरकार के निदेश के आलोक में इन्टरमीडिएट सत्र 2024–26 के 11वीं कक्षा में नामांकन हेतु विस्तृत दिशा–निर्देश विज्ञप्ति संख्या– पी0आर0 174/2024 में जारी की गयी है, जिसे **https://shorturl.at/gKNW1** पर देखा जा सकता है।

2. इन्टरमीडिएट में नामांकन के इच्छुक सभी विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि सत्र 2024–26 के लिए **OFSS** वेबसाईट **www.ofssbihar.org** के माध्यम से ऑनलाईन सामान्य आवेदन प्रपत्र भरने की अन्तिम तिथि दिनांक–20.05.2024 निर्धारित की गयी है। इस निर्धारित अवधि में सभी विद्यार्थी ऑनलाईन रूप से सामान्य आवेदन प्रपत्र भरना सुनिश्चित करेंगे। दिनांक–20.05.2024 के बाद तिथि विस्तार नहीं किया जाएगा।

3. **https://online.ofssbihar.org/ONLINE_CAF/JrCAFForm.aspx** लिंक के द्वारा सामान्य आवेदन प्रपत्र (CAF) भरा जा सकता है। सामान्य आवेदन प्रपत्र (CAF) भरने से संबंधित किसी प्रकार की जानकारी /सूचना हेतु **Android Smart Phone** के माध्यम से **Google Play Store** पर **OFSS** नाम से उपलब्ध एप्प से प्राप्त किया जा सकता है। साथ ही, समस्याओं के त्वरित निदान के लिये बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना के हेल्पलाईन सेंटर के दूरभाष सं0 0612–2230009 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

निदेशक (शैक्षणिक)–सह–वरीय प्रभारी पदा0 (OFSS)

Scanned with CamScanner